नेहरू युवा केन्द्र संगठन
Nehru Yuva Kendra Sangathan
Nehru Yuva Kendra Sangathan
नेहरू युवा केन्द्र संगठन
साथ साथ
कल की ओर...
स्वायत्तशासी संस्था
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
भारत सरकार
an Autonomous Body under the
Ministry of Youth Affairs & Sports
Government of India
आज़ादी का अमृत महोत्सव

पत्रांकः नेयुकेसं / कार्यः पोषण माह / 2024–25 / 35

दिनांक 10 सितम्बर, 2024

सेवा में,

समस्त राज्य निदेशक
नेहरू युवा केन्द्र संगठन

विषयः राष्ट्रीय पोषण माह 2024 के आयोजन के संबंध में।

महोदय / महोदया,

सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अर्द्धशासकीय पत्र क्रमांकः पीए / 248 / 2024–सीपीएमयू दिनांक 14 अगस्त, 2024 एवं संयुक्त सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अर्द्धशासकीय पत्र क्रमांकः पीए / 248 / 2024–सीपीएमयू दिनांक 21 अगस्त, 2024 के अनुपालन में सूचित करना है कि माह सितम्बर, 2024 में पोषण माह का आयोजन किया जाना है। (उक्त पत्रों की छायांकन प्रति संलग्न है)।

2. पिछले वर्ष की भांति, नेहरू युवा केंद्र संगठन सितंबर, 2024 के दौरान कुपोषण के खिलाफ अभियान में एक मूल्यवान भागीदार के रूप में राष्ट्रीय पोषण माह 2024 मनाएगा।

3. पोषण माह 2024 के आयोजन के लिए, निम्नलिखित विषयों पर जागरूकता बढ़ाने वाली गतिविधियां संचालित की जाएंगी :–

- **रक्तअल्पता (एनीमिया), विकास निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, सुशासन के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग इसके अलावा, "एक पेड़ माँ के नाम" वृक्षारोपण अभियान और अन्य सामान्य जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की जा सकती हैं।**

4. जिला ने.यु.के. से निम्नलिखित गतिविधियों के आयोजन की अपेक्षा की जाती है :–

- ईसीसीई (पूर्व बाल्यकालिक देखभाल और शिक्षा) पर शपथ ग्रहण, विभिन्न विभागों और समुदायों के कार्यकर्ताओं को शामिल करना।
- युवाओं और ग्रामीणों को पोषण के मुख्य मुद्दों पर जागरूक करना।
- श्री अन्न (मिलेट) के फायदों के बारे में युवाओं और ग्रामीणों को जागरूक करना।
- पोषण माह गतिविधियों के प्रभावी कार्यान्वयन में उनके समर्थन को सुनिश्चित करने के लिए गणमान्य नागरिकों, ग्राम पंचायत, आंगनवाड़ी, एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक।
- पोषण माह के फोकस क्षेत्रों पर संगोष्ठी, चर्चा, प्रख्यात वक्ताओं द्वारा व्याख्यान का आयोजन।
- गांवों में पोषण माह के फोकस क्षेत्रों पर घर–घर जागरूकता अभियान।

क्रमशः पृष्ठ–2

5. पोषण माह के दौरान सफलता की कहानियों को नियमित रूप से ने.यु.के.सं. मुख्यालय के साथ साझा किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया अभियान के माध्यम से – **पोषण माह 2024** हैशटैग का उपयोग करके जन आंदोलन का समर्थन किया जा सकता है।

6. समस्त राज्य निदेशकों को यह आवश्यक है कि वे उपरोक्त जानकारी को क्षेत्रीय कार्यालयों को भेजें और पूरे महीने गतिविधियों के सफल कार्यान्वयन को सुनिश्चित करें।

7. रिपोर्ट अपलोड करने के लिए गूगल शीट लिंक और तस्वीरें अपलोड करने के लिए गूगल ड्राइव लिंक जल्द ही साझा किया जाएगा।

शुभकामनाओं सहित,

(आर. एन. त्यागी)
संयुक्त निदेशक (कार्यक्रम)

प्रतिलिपिः

- निजी सचिव, महानिदेशक, ने.यु.के.सं., नई दिल्ली
- समस्त क्षेत्रीय निदेशकों को सूचनार्थ